CCMS-2018/00379

प्रार्थना पत्र अदूल हुक्मी

तारीख हुकम	359/2018 हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज सेडूराम v/s नगरपालिका नीमकाथाना	नंबर व तारीख अहकाम जो इस की तामील में
24/07/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थना पत्र हूक्म अदूली पर बहस वकील प्रार्थी एकपक्षीय सुनी गयी। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने बताया कि अप्रार्थी को पूर्व में न्यायालय हाजा द्वारा प्रार्थी के कब्जेकाश्त की भूमि में किसी प्रकार की दखल अन्दाजी नही करने, मौके पर कोई निर्माण नही करने बाबत पाबन्द किया गया था बावजूद इसके अप्रार्थी प्रार्थी की भूमि में नया निर्माण करने पर उतारू हो रहा हैं एवं कूड़ा-कचरा डाल रहा हैं। अतः अप्रार्थी को प्रार्थी की भूमि से छेड़छाड़ नही करने बाबत पाबन्द करने की कृपा करें। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड का अवलोकन किया गया एवं बहस वकील प्रार्थी पर सगौर मनन किया गया जिससे अप्रार्थी को पाबन्द किया जाता हैं कि तन ग्राम नीमकाथाना अवस्थित प्रार्थी की खातेदारी भूमि पुराने खसरा नम्बर 315 रकबा 1.98 है0 में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नही करें, कूड़ा-कचरा नही डाले। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे ईजलास सुनाया गया। (राजवीर सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना राजवीर सिंह यादव उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (सीकर)	

उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2025.08.28 12:27:32 IST
Reason: SelfAttested